वर्ष- 2025 , अंक -11 वां, माह – अप्रैल – सितंबर 2025

# यूको रायपुर प्रभा

रायपुर अंचल की छमाही हिंदी –ई पत्रिका




अंचल कार्यालय, रायपुर

तेलीबांधा मरीन ड्राइव, छत्तीसगढ़ नेत्र चिकित्सालय परिसर , प्रथम तल , रायपुर (छत्तीसगढ़)

फोन नंबर – 0771-4233103

ई–मेल zoraipur.ol@ucobank.co.in


यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)

सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust

**संरक्षक**

सुश्री – वीणा कुमारी
(उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रबंधक)

**मार्गदर्शन**

श्री अमोल बा. मांडरे
(सहायक महाप्रबंधक एवं उप अंचल प्रबंधक)

**परामर्श मण्डल**

**संपादक**

श्री अमित कुमार सरवर

(वरिष्ठ प्रबंधक, राजभाषा)

**विषय सूची**


1. अंचल प्रबंधक का संदेश
2. उप अंचल प्रबंधक का संदेश
3. संपादकीय
4. नव वर्ष पर कविता
5. अंचल प्रमुख महोदया जी का शाखा दौरा
6. उप अंचल प्रमुख महोदया जी का शाखा शाखा दौरा
7. कसडोल शाखा द्वारा कार्निवाल का आयोजन
8. जीपीसी शाखा द्वारा वेतन सुविधा खाता शिविर
9. कासा कैंप विभिन्न शाखाओं द्वारा
10. बीमा एडवाजरी
11. फिनेकल की जानकारी
12. पीएसडी से संबंधित जानकरी
13. शाखाओं में राजभाषा हिन्दी से संबंधित जानकरी
14. श्री रामधारी सिंह दिनकर जी की कविता
15. आरंग शाखा का उदघाटन
16. निवर्तमान अंचल प्रमुख महोदया जी का विदाई समारोह
17. यूको बैंक को डिजिटल पुरस्कार
18. हिन्दी दिवस का आयोजन एवं संदेश
19. यूको बैंक के एमडी एवं सीईओ का संदेश
20. स्टाफ सदस्यों का विदाई समारोह
21. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक
22. 02 दिवसीय राजभाषा अधिकारियों लिए प्रशिक्षण

# अंचल प्रबन्धक महोदया जी का संदेश

प्रिय यूकोजन

मुझे इस पत्रिका के माध्यम से पहली बार आप सभी यूकोजनों को संबोधित करते हुए अपार प्रसन्नता हो रही है। प्रधान कार्यालय के उच्च प्रबंधन द्वारा मुझे रायपुर अंचल का कार्यभार सौपा हैं और इस दिये गए बैंक लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए हम सभी **एक टीम**,**एक स्वप्न**,**एक लक्ष्य** की भावना को आत्मसात करते हुए अर्जुन की भाँति हम सबका ध्यान अपने लक्ष्य को साधने में होना चाहिए।

शाखाओं से अनुरोध है कि अपने ग्राहकों से नियमित रुप से जुड़ाव बनाए रखें और उन्हें डिजिटल उत्पादों से जोड़कर उनकी शाखा पर होने वाली निर्भरता को करने का प्रयास किया जाए और इस कार्य के लिए आप स्टाफ सदस्यों के साथ –साथ बैंक सखी एवं बीसी का सहयोग अपेक्षित है। ऐसा करने से हम अपनी लागत और लगने वाले शारीरिक श्रम को कम कर सकते है। डिजिटल ऑनबोर्डिंग आज के समय की मांग है जिसमें क्यूआर कोड, साउंड बॉक्स, व्हाट्सएप बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम कार्ड आदि के लिए प्रधान कार्यालय के मार्गदर्शन में नियमित लॉगिन डे मनाया जा रहा है।

ऋण वितरण में उसकी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए जिससे फ्रेश स्लिपेज को कम किया जा सके , टर्म लोन और सीसी में मेंडेट जरूर लिया जाए जिससे एसएमए खातों को सुरक्षित किया जा सके। साथ ही कम लागत वाली जमाओं के संग्रहण, डिजिटल माध्यम को प्रोत्साहन देना।

शाखाओं को अपने परिसर को साफ- सुथरा और सुव्यस्थित रखना भी जरूरी है और शाखा में अनावश्यक जो प्रयोग योग्य वस्तु नहीं है उसे संग्रह करके न रखें। शाखा के स्टाफ बैंकिंग जानकारी को अपडेट रखें और ग्राहकों के साथ सांझा करें। शाखा अपने टॉप 100 जमा ग्राहकों का लिस्ट निकालकर उन्हें प्रतिदिन अपनी सुविधा अनुसार कॉल करें और उन्हें बैंकिंग के जमा ब्याज दरों के बारे में बताना साथ ही उनकी समस्या भी पूछे। साथ ही ऐसे ग्राहकों का ब्रॉडकास्ट ग्रुप बनाकर उन्हें समय –समय पर बैंकिंग से संबधित जानकारी शेयर किया जाए।

शाखा हर माह 15 तारीख से पहले –पहले ग्राहक के साथ मिलन समारोह का आयोजन शाखा में किया जाए और उसका कार्यवृत बनाया जाए। ऐसे बचत खाते जहां शून्य बैलेन्स में खोले गए है उनमे फडिंग कराना सुनिश्चित करें। हर सप्ताह कम से कम 01 लोन खाता खोला किया जाए और उसका संवितरण (Disbursement) भी हो। कोई भी पोर्टल पेंडिंसी होने पर गंभीरता से लिया जाएगा। सभी ऋण खातों में नाच (Nach) अनिवार्य रूप से लिया जाए।

इस वर्ष पदोन्नति प्राप्त साथियों को बहुत –बहुत बधाई हो । जिन साथियों को पदोन्नति प्राप्त नहीं हुई है उनके लिए बस यही है कि आगे और बेहतर प्रयास करें। आप सभी अपने लक्ष्यों में सफल हो यही मेरी शुभकामना है।

**वीणा कुमारी**
**अंचल प्रबंधक एवं उपमहाप्रबंधक**



## उप अंचल प्रमुख  महोदय जी का संदेश

हमारे रायपुर अंचल के लिए यह बहुत ही गौरव और प्रसन्नता की बात है कि आपकी सच्ची कर्तव्यनिष्ठा, कार्य के प्रति अटूट समर्पण द्वारा हमारे अंचल ने विगत वित्तीय वर्ष 2024-25 में सर्वोत्कृष्ठ कार्य-निष्पादन करते हुए अधिकांश लक्ष्यों में सफलता अर्जित की है। इस सफलता का सारा श्रेय आप सभी  यूकोजनों को जाता है। आप सभी  इसके लिए बधाई के पात्र हैं।

हमारे अचल ने प्रधान कार्यालय द्वारा निर्धारित अधिकांश लक्ष्यों को प्राप्त किया है जो निम्रानुसार है:-

कुल व्यवसाय, कुल जमा, बचत जमा, कासा, थोक जमा, कुल अग्रिम, रिटेल ऋण, कार लोन, कृषि अग्रिम, कोर एमएसएमई, उन्नयन (अपग्रेडेशन) और में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

उत्क्त मानदंडों में हमने निर्धारित लक्ष्य को पार करते हुए सर्वोत्कृत कार्य-निष्पादन किया है। आप सभी ने अपने कठोर प्रयास और अत्यधिक परिश्रम से अंचल के मान-सम्मान में निरंतर वृद्धि की है।

हम आशा करते हैं कि वित्तीय वर्ष 2025-26 और शानदार हो। समृद्धि, व्यावसायिक विकास, व्यक्तिगत पूर्णता और सौभाग्यपूर्ण होगा। हम पूरे जुनून और समर्पण के साथ काम करना जारी रखें।

आप सभी भली- भांति परिचित है कि छत्तीसगढ़ राज्य एक हिन्दी भाषीय राज्य होने के कारण  बैंकिंग कार्यों में अधिक से अधिक हिन्दी भाषा का प्रयोग करें । यह कहने कि आवश्यकता नहीं है की आम जनता की भाषा में काम करने से कार्यों में न सिर्फ सरलता, सुगमता और पारदर्शिता रहती है अपितु उसके परिणाम भी सुखद होते है।  शाखाओं के माध्यम से होने वाली ग्राहक मिलन समारोह में हिन्दी में वार्तालाप की जाए और आगामी प्रकाशित होने वाले पत्रिका के अंक के लिए आप सभी शाखाओं से सहयोग की अपेक्षा  है जिसमें आप स्टाफ सदस्यों के  बैंकिंग विषयों पर लेख / निबंध , यात्रा वृतांत , आदि अंचल कार्यालय , राजभाषा विभाग को प्रेषित की जाए।

पुनः आप सभी से अनुरोध है कि आप बैंकिंग व्यवसाय में उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए सतत प्रयासरत रहें और सभी मानदंडों में उचित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अपने स्तर से विशेष प्रयास करते रहें।

**हार्दिक शुभकामनाओं सहित,**



## संपादक की कलम से

रायपुर अंचल की गृह ई-पत्रिका का 11 वां अंक आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है। आप सभी के अपार सहयोग से मेरा यह सम्पादन कार्य पूर्ण हो पाया है।

इस पत्रिका के प्रकाशन का मुख्य उद्देश्य हिंदी के प्रगामी प्रयोग को अधिक से अधिक बढ़ाना है एवं हम **'क'** क्षेत्र में होने के कारण हमारी राजभाषा (हिंदी) के प्रति प्रमुख जिम्मेदारी बनती है। अंचल में अधिक से अधिक हिंदी में कार्य हो मेरा ऐसा प्रयास रहता है। साथ ही इस प्रयास का दायित्व मेरे साथ- साथ आप सभी यूकोजन का भी है। जब शाखाओं का राजभाषा निरीक्षण किया जाता है तो शाखाओं में कई राजभाषा के नियमों का उल्लंघन पाया जाता है जैसे फ़ाइल एवं रजिस्टर पर लिखें जाने वाले नाम सिर्फ अँग्रेजी भाषा में होना, मोहरें एक ही भाषा में होना खासकर अँग्रेजी भाषा में उपलब्ध होती है। इस अंक में शाखाओं में क्या क्या राजभाषा हिन्दी के संबंध में अनुपालन किया जाना है उसका विस्तृत वर्णन किया गया है।

मुझे एचआरएम विभाग में काम करने दौरान कुछ शाखाओं से पूछे जाने वाले प्रश्नों का वर्णन किया गया है जैसे पावर चेंज, पासवर्ड रीसेट सैलरी चेंज शीट, एलपीएस, टीए बिल से संबधित आदि जिज्ञासाओं का हल बताया गया है।

बीमा से संबंधित एक एडवाईजरी भी जारी की गई है जो इस पत्रिका में पुनः उल्लेख किया गया है। शाखाओं से करबद्ध निवेदन है कि जरूर इस पृष्ठ को पढ़ें और आगे इन सब बातों का ध्यान रखें।

मैं इस पत्रिका के माध्यम से हमारे स्थानांतरित होकर आए साथियों का रायपुर अंचल में स्वागत करता हूँ। उनके नए आगमन के लिए बधाई देना चाहूंगा साथ ही उनके नए कार्यभार व नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं भी देता हूँ। इस अवसर पर हिंदी से संबंधित ज्ञान वर्धक प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया, साथ ही नराकास के तत्वावधान में तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन भी सम्पन्न किया गया। हिंदी यूनिकोड पर अंचल के कार्यरत स्टाफ के लिए यूनिकोड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

अंत में, मैं इस अंचल के समस्त साथियों से निवेदन करूंगा कि अगर इस ई-पत्रिका में कुछ कमियाँ हो तो मुझे अवश्य अवगत कराएं ताकि अगला अंक और बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत कर सकूँ।

**अमित कुमार सरवर**
**वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा)**
**अंचल कार्यालय , रायपुर**

## नव वर्ष पर कविता

**जिस-जिस से पथ पर स्नेह मिला**

**उस-उस राही को धन्यवाद**

**जीवन अस्थिर अन्जाने ही,**

**हो जाता पथ पर मेल कहीं,**

**सीमित पग-डग लम्बी मंज़िल**

**तय कर लेना कुछ खेल नहीं**

**दाएँ-बाएँ ..सुख-दुख चलते,**

**सम्मुख चलते पथ के प्रमाद**

**जिस-जिस से पथ पर स्नेह मिला**

**उस-उस राही को धन्यवाद**

**साँसों पर अवलम्बित काया,**

**जब चलते-चलते चूर हुई,**

**दो स्नेह-शब्द मिल गये,**

**मिली स्फूर्ति थकावट दूर हुई**

**पथ के पहचाने छूट गये कुछ**

**पर साथ-साथ चल रही याद**

**जिस-जिस से पथ पर स्नेह मिला**

**उस-उस राही को धन्यवाद**

**आप सभी को सादर समर्पित ..**

**।।आपको एवं आपके परिवार को नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं।।**

**आने वाला वर्ष आपके जीवन में उत्तम स्वास्थ्य, समृद्धि, अपार सफलताएं एवं खुशियां लेकर आए।**


आपको एवं आपके परिवार को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं


मकर
संक्रांति
की हार्दिक
शुभकामनाएं

# अंचल प्रमुख महोदया जी का शाखा विजिट

दिनांक 04.06.2025 को अंचल प्रमुख महोदया जी द्वारा बैंक के बिज़नस ग्रोथ के लिए भिलाई स्थित शाखाओं के अधिकारियों के साथ संस्थानों का विजिट किया गया , आई एल एच टीम भिलाई और रिसोर्स वर्टिकल के साथ मिलकर , बीआईटी दुर्ग के संकाय सदस्यों के साथ सुविधा वेतन खाते के साथ-साथ अन्य खुदरा और ऋण उत्पादों और जमा जुटाने के लिए बैठक।

साथ ही श्री शंकराचार्य कॉलेज समूह के अध्यक्ष श्री आईपी मिश्रा के साथ बैठक। और उप रजिस्ट्रार वित्त श्री गौतम रमानी आईआईटी भिलाई के साथ सार्थक चर्चा और बैठक हम अंचल प्रमुख महोदया जी , रिसोर्स वर्टिकल और आई एल एच टीम भिलाई को उनकी त्वरित प्रतिक्रिया और समय के लिए धन्यवाद देते हैं








## <u>उप अंचल प्रमुख महोदय जी का शाखा विजिट</u>

दिनांक 12.06.2025 को उप अंचल प्रमुख श्री अमोल बा. मांडरे जी ने सुरक्षा अधिकारी के साथ बीआईटी शाखा का दौरा किया। इस दौरे के दौरान, बीआईटी कॉलेज के प्रिंसिपल से बातचीत की। प्रिंसिपल सर के साथ बैठक के दौरान बैंक परिसर के नवीनीकरण के बारे में चर्चा की। मुख्य बिंदुओं में मौजूदा बुनियादी ढांचे की जरूरतों का आकलन, उन्नयन की योजना बनाना और नवीनीकरण प्रक्रिया के दौरान ग्राहक सेवा में न्यूनतम व्यवधान सुनिश्चित करना शामिल था। बैठक बहुत ही फलदायी रही।







दिनांक 12.06.2025 को उप अंचल प्रमुख श्री अमोल बा. मांडरे जी ने आधिकारिक निरीक्षण और बातचीत के लिए जीपीसी बैंक परिसर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सरकारी कॉलेज के प्रिंसिपल से मुलाकात की।

बैंक परिसर के नवीनीकरण पर चर्चा करने के लिए प्रिंसिपल सर (जीपीसी दुर्ग) के साथ एक छोटी बैठक भी हुई। मुख्य बिंदुओं में मौजूदा बुनियादी ढांचे की जरूरतों का आकलन, उन्नयन की योजना बनाना और नवीनीकरण प्रक्रिया के दौरान ग्राहक सेवा में न्यूनतम व्यवधान सुनिश्चित करना शामिल था।





# कसडोल शाखा द्वारा कार्निवाल का आयोजन

शाखा कसडोल द्वारा दिनांक 10.06.2025 को प्रधान कार्याल द्वारा चलाये जा रहे कार्निवाल अभियान के तहत आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान कार्यालय कोलकाता से पधारे महाप्रबंधक श्री धीरज पटवर्धन जी ,अंचल कार्यालय , रायपुर से  अंचल प्रमुख महोदया सुश्री वीणा कुमार , उप अंचल प्रमुख श्री अमोल बा. मांडरे , एसएमई  हब के प्रभारी श्री पलाश हलदार जी , शाखा प्रबन्धक श्री रोहित बंजारे जी , और समस्त ग्राहक जन उपस्थित थे। इस अवसर पर समस्त हित ग्राहियों को ऋण वितरण का स्वीकृत पत्र प्रेषित किया गया।






दैनिक भास्कर

2025-06-11
आंचलिक (4)

हमला करने वाले आरोपियों के किया गया है। अधीक्षक निखिल राज्य राखेचा ने रेत माफियाओं पर भी शि

# महिलाओं को 96 लाख का ऋण बांटा गया




महिला स्वसहायता समूह के महिलाओं को ऋण स्वीकृति पत्र देते हुए

भास्कर न्यूज | कसडोल

कसडोल में यूको बैंक ने 16 महिला स्व सहायता समूहों को 96 लाख रुपए का ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया। कार्यक्रम में बैंक के महाप्रबंधक धीरज पटवर्धन ने महिलाओं को छोटे उद्योग शुरू कर आय बढ़ाने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि महिलाएं ऋण लेकर आपस में पैसे न बांटे। इस राशि से मछली पालन, बकरी पालन, दोना पत्तल बनाना, अगरबत्ती बनाना, सब्जी उगाना जैसे कार्य करें। इससे जीवन स्तर सुधरेगा।

धीरज पटवर्धन यूको बैंक के मुख्य कार्यालय कलकत्ता से आए थे। उन्होंने कहा कि आज के समय में महिलाओं का साक्षर होना जरूरी है। ताकि वे पढ़-लिख सकें, जोड़-घटाव कर सकें और मोबाइल चला सकें। क्योंकि अब अधिकतर काम मोबाइल से ही होते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जनपद सदस्य रामगोपाल साहू ने भी महिलाओं को ऋण का सही उपयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करें। कार्यक्रम सतनाम भवन कसडोल में हुआ। आयोजन शाखा प्रबंधक रोहित कुमार के नेतृत्व में किया गया। इसमें रायपुर अंचल प्रबंधक वीणा कुमारी, उप अंचल प्रबंधक अमोल मंडारे, प्रमुख एसएमई एवं एग्री हब पलाश हलदर मौजूद रहे। कार्यक्रम में महिला स्व सहायता समूह की सैकड़ों महिलाएं शामिल हुईं।

सच्ची बात, बेधड़क
दैनिक भास्कर

# यूको बैंक कसडोल शाखा द्वारा Resources, MSME एवं Agri Carnival का भव्य आयोजन






दबंग दुनिया » टुण्डरा

हमें यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि Resources, MSME एवं Agri Carnival का सफल आयोजन आज यूको बैंक, कसडोल शाखा द्वारा सतनाम भवन, कसडोल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री राम गोपाल साहू, पूर्व बीडीसी, जनपद पंचायत कसडोल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर निम्न विशिष्ट अतिथिगण भी उपस्थित रहेः धीरज पटवर्धन, महाप्रबंधक, मुख्य कार्यालय सुश्री वीणा कुमारी, अंचल प्रबंधक, रायपुर अंचल कार्यालय श्री अमोल मंडारे, उप अंचल प्रबंधक, रायपुर अंचल कार्यालय पलाश हलदर, प्रमुख, रटए एवं एग्री हब, रायपुर। कार्निवल की प्रमुख उपलब्धियाँ 16 स्वयं सहायता समूह (SHG) के रु 96 लाख का ऋण स्वीकृति पत्रों का वितरण यह आयोजन शाखा प्रबंधक श्री रोहित कुमार के नेतृत्व में एवं शाखा के सभी कमर्चारियों के समर्पित प्रयासों से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। पूरी टीम को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई!

## जीपीसी शाखा द्वारा सुविधा वेतन खाते ओपन शिविर

दिनांक 20.06.2025 को जीपीसी शाखा द्वारा शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, दुर्ग में यूको सुविधा वेतन और खुदरा उत्पाद शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में कर्मचारियों की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रिया देखी गई। शिविर के दौरान: 18 से अधिक सुविधा वेतन खाते खोले गए।

हमने तीन होम लोन लीड और एक कार लोन लीड भी जेनरेट की, जो हमारे खुदरा व्यापार संवर्धन प्रयासों के लिए एक महत्वपूर्ण परिणाम है।

श्री संजीब सर, श्री स्वागतम सर और श्री अभिजीत जी को उनके बहुमूल्य समर्थन और समन्वय के लिए विशेष धन्यवाद, जिन्होंने इस शिविर के सुचारू निष्पादन और सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।





# विभिन शाखाओं द्वारा कासा कैंप का आयोजन









चालु एवं बचत खाता शिविर
CASA CAMP
UCO BANK - ARANG
यूको बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
UCO BANK
(A Govt. of India Undertaking)
Honours You Trust
सम्मान आपके विश्वास का


चौपाल
ग्राम पंचायत जेवरा
विकास खण्ड व जिला दुर्ग (छ.ग.)
कार्यालय रजिस्ट्रार
जन्म मृत्यु विवाह पंजीयन


यूको बैंक UCO BANK
संकल्प - सुरक्षा का
MEGA LIFE INSURANCE DRIVE
30TH JULY 2025
50 LAKH PER ZONE

# **बीमा एडवाइजरी**

बीमा पॉलिसियों में बहुत से बातें ऐसी है कि अगर इन बातों का ध्यान नहीं रखा गया तो एक दिन बहुत कष्टदायी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है।

एक सामान्य बैंकर को कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है जब उसे पॉलिसी की कॉपी प्राप्त होती है।

## **बीमा पॉलिसी जिसमें लाइफ + हेल्थ+ जनरल तीनों शामिल है।**

| क्र. | महत्वपूर्ण बातें | |
|---|---|---|
| | सबसे पहले पॉलिसी कॉपी प्राप्त होती है तो उसमें निम्नलिखित बातें / बिन्दुओं की जांच करें : - | |
| 01 | पॉलिसी होल्डर का नाम यानि जिसके नाम से बीमा हुआ है | नाम पूरा चेक करें , नाम की स्पेलिंग चेक करें , नाम जैसा आधार कार्ड में है उसी प्रकार नाम होना चाहिए उदाहरण के लिए पॉलिसी होल्डर का नाम राकेश कुमार गुप्ता है तो पॉलिसी में उसका नाम पूरा राकेश कुमार गुप्ता होना चाहिए , ना की राकेश कुमार , राकेश गुप्ता आदि , |
| | उम्र | उम्र वही होना चाहिए जो उस वक्त उसकी है , पॉलिसी कॉपी में जन्मतिथि चेक करें। |
| | लिंग | पॉलिसी होल्डर महिला है या पुरुष है यह जरूर चेक करें |
| | नॉमिनी | नॉमिनी का नाम चेक करें , नाम वही होना चाहिए जो पॉलिसी लेते समय जानकारी में नाम दिया गया था, नॉमिनी का लिंग , जन्मतिथि जरूर चेक करें |
| | नॉमिनी के साथ संबद्ध | पॉलिसी होल्डर का नॉमिनी के साथ क्या संबद्ध है , जैसे पिता –पुत्र , पुत्र –पिता , माँ- बेटे , बेटा –माँ , भाई- भाई , बहन –बहन , भाई – बहन , बहन –भाई जो भी स्थिति हो |
| | पॉलिसी अवधि | यदि पॉलिसी कितने साल के लिए issue की गई है , कई पॉलिसी एक साल , वाली होती है जैसे कार का बीमा , वाहन बीमा , हेल्थ पॉलिसी , यानि इन पॉलिसी का प्रीमियम हर साल देकर पुनः पॉलिसी कॉपी जारी होती है। |
| | प्रीमियम paying टर्म (PPT) | प्रीमियम कितने सालों तक देना है |
| | प्रीमियम paying frequency | प्रीमियम हर साल देना है, हर छमाही , तिमाही या हर माह , कैसे देना है |
| | पता | पॉलिसी में पता जरूर चेक करें , |

नॉन लाइफ यानि जनरल बीमा (गाड़ी , घोड़ा, स्टॉक , फ़ैक्टरी, जिसमें माल या स्टॉक का बीमा होता है व्यक्ति का नहीं।

Address – अधिकतम मामलों में पॉलिसी होल्डर का ऑफिस का पता अलग होता है और उसकी यूनिट /फ़ैक्टरी/ कारखाना /गोडाउन का पता अलग होता है ऑफिस के पते से, जब बीमा कंपनी क्लैम के आने पर देखती है कि पॉलिसी में एड्रैस मैच नहीं हो रहा है मतलब पॉलिसी बॉन्ड में वह एड्रैस नहीं है जो माल /स्टॉक का लॉस हुआ है।

अतः ऐसे केस में आप कंपनी को स्पष्ट कर दें कि उसका ऑफिस और यूनिट /फ़ैक्टरी/ कारखाना /गोडाउन का पता अलग – अलग है। कई मामलों में क्लैम कंपनी द्वारा प्रथम बार में ही रिजैक्ट कर दी है।

दूसरा क्लैम रिजैक्ट का कारण : जिस गतिविधि का बीमा किया गया है मलतब पॉलिसी होल्डर या कस्टमर किस वस्तु का निर्माण करता है /सेवा देता है , तो ऐसे केस में पॉलिसी उसी वस्तु या स्टॉक का बीमा होना चाहिए , कई बार बैंक या बीमा कंपनी कि गलती से स्टॉक का Description बादल जाता है , जैसे एक यूनिट है जयकारा Industrious जो की पोहा बनाने का काम करी है तो उसका बीमा पोहा का होना चाहिए , बीमा पॉलिसी में उसका स्टॉक पोहा होना चाहिए ,

यदि क्लैम आया और बीमा कंपनी ने क्लैम रिजैक्ट किया कि पॉलिसी बनी है स्टॉक आ रहा है **जूते , चप्पल तो इस केस में कंपनी क्लैम नहीं देगी।**

अतः पॉलिसी बॉन्ड जब शाखा में आता है तो ऊपर बताई गई सब बातों को पढ़ लीजिये ताकि भविष्य में कोई परेशानी न हो।



चैप्टर-01 – **Finacle unlock**

Unlock जो भी आता है वो 10 मिनट बाद ऑटोमेटिक अनलॉक हो जाता है.

************************************************************************************

## चैप्टर-02 – Password Reset या पासवर्ड भूल गए

जब फ़िनेकल का पासवर्ड याद नहीं है या भूल गए हैं तब

Password reset change

जब भी पासवर्ड reset कराते हैं zo से उसका by default password होगा।

Ucobank@1234

केवल U केपिटल में होगा बाकी सब स्मॉल में।

************************************************************************************

## चैप्टर-03 – प्रतिनियुक्ति (Deputation)

पॉइंट (1):- जो भी स्टॉफ किसी ब्रांच को डेपुटेशन पर जाते हैं तो उस स्थिति में सोल चेंज जोनल ऑफिस HRMS के माध्यम से करता है।

05 मिनिट बाद

Point : - (2) उसका वेरिफिकेशन उस ब्रांच के HRMS में होगा जिस ब्रांच में डेपुटेशन पर गए है।

Point:- (3) वेरिफिकेशन में BH या ABH, HRMS में जाकर manage transfer>finacle Sol change (deputation) पर क्लिक करेंगे

उसी प्रकार वापस अपनी Base ब्रांच को जाएंगे उस स्थिति zo sol change करेगा। Point 1 के अनुसार

HRMS में उस Branch के BH या ABH verification करेगे 5 मिनट बाद zo से confimation मिलने पर।

************************************************************************************

## चैप्टर-04 - Officiating Allowance

केवल CSA यानि क्लर्क

जब CSA शाखा में हेड कैशियर या स्पेशल असिस्टेंट के लिए Officiating Allowance क्लेम करता है तो उस स्थिति में hrms में Officiating Type में other को सिलेक्ट करना है।

************************

जब CSA या हेड कैशियर या स्पेशल असिस्टेंट के द्वारा किसी ऑफिसर के पद पर कार्य किया है तो Higher cadre scale

सिलेक्ट करना है।

नोट : हेड कैशियर को senior customer service associate (SCSA) और स्पेशल असिस्टेंट को स्पेशल कस्टमर सर्विस एसोशिएट (SPCSA) के नाम से जाना जाता है।

************************************************************************

## चैप्टर-05 – फेस्टिवल ऋण तय समय सीमा से पहले बंद करना / festival advance close before end date.

जितना राशि outstanding है उतना राशि इस पार्किंग कहते में जमा कर दें 71041032220001 Along with full details like your emp no , Txn no,

Loan account no, amount , branch name, Sol etc.

Also sent a mail to ho.esw@ucobank.co.in

*******************************************************************************************

## चैप्टर-06 - Finacle में पॉवर चेंज से संबंधित सूचना

सबसे पहले आप Hrm डिपार्टमेंट को ईमेल करेंगे और cc में zoraipur.ol@ucobank.co.in को करेंगे।

पॉवर चेंज और वेरीफाई हमारे अंचल कार्यालय में hrm या OL दोनों में से कोई एक एंट्री करेगा या कोई एक वेरीफाई।

पॉवर चेंज केवल ईमेल से सूचना प्राप्त होने के उपरांत ही किया जाएगा, व्हाट्सप्प की सूचना से नहीं।

अगर आपने पॉवर चेंज की रिक्वेस्ट ईमेल hrm को ही की है तो फिर फोन मुझे यानी अमित सरवर को कॉल मत करना।

आपको हुई असुविधा के लिए मुझे खेद है क्योंकि मुझे भी रोज रोज असुविधा होती है।

पॉवर चेंज में finacle वाली पूरी id लिखे जैसे amit kumar sarwar का ak046943

Actual Post and कौनसा पॉवर चाहते हो, कब तक के लिए पॉवर चाहिए आदि जानकारी जरूर दे।

पूरी id , उदाहरण जैसे : **- ak046943**

Actual पद ,

कौनसा पॉवर चाहिए ,

कब तक चाहिए

*****************************************************************************

## चैप्टर-08 - सेलरी चेंज शीट

सेलरी में लगने वाला Increment जो अब हैड ऑफिस लेवल पर लगता है, उसे अपनी सैलरी चेंज शीट में उल्लेख नहीं कीजीए। चाहे किसी भी संवर्ग या कैडर में हों।

दूसरा

Staff को मिलने वाला Officiating pay को अब HRMS के माध्यम से अप्लाई करना होता है। उसी माध्यम से अप्लाई कीजीए, उसका सैलरी चेंज शीट में उल्लेख नहीं कीजीए।

तीसरा

सैलरी चेंज शीट हार्ड कॉपी भेज दे या ईमेल कर दीजिए, दोनों कार्य एक साथ मत कीजिए।

आप प्रोविजनल सैलरी स्लिप में आप देख सकते हैं, क्या है और क्या नहीं।

**********************************************************

**चैप्टर-09 TA बिल से संबंधित मुख्य ध्यान रखने योग्य बातें -** स्टाफ सदस्यों को सूचित किया जाता है कि TA बिल दावा करते समय एक बार जरूर यह पत्र पढे और उसके अनुसार अपने स्टाफ के TA बिल अंचल कार्यालय को प्रेषित करें खासकर कुछ बिन्दुओं को विशेष धन रखे

(1) यात्रा का Tour Approval जरूर कराएं और दावा करते समय उसको अपलोड करें। यदि CRT से संबंधित है तो शाखा द्वारा जो पत्र जारी किया जाता है जिसमें हम फला –फला कर्मचारियों को नकद राशि देने का कष्ट करें या नकद राशि जमा करें या सॉइल नोट बदलने से सनबधित एक शाखा से दूसरी शाखा या एक बैंक से दूसरी बैंक आदि से संबंधित पत्र जारी होता है उसे अपलोड करें

(2) ट्रेनिंग के लिए अपना ट्रेनिंग लेटर जरूर अपलोड करें।

(3) बैंक के नियमानुसार Diem Allowance करें , यदि ट्रेनिंग आरटीसी भोपाल में हुई है तो Diem Allowance 1/3 मिलेगा जितने दिन आरटीसी में रुके यदि क्लर्क या सब स्टाफ रुका है तो ।

नोट : यदि अधिकारी वर्ग है तो (1/4) मिलेगा।

(4) बैंक का GST नंबर - 22AAACU3561B2ZX टिकिट में दर्ज कराएं अन्यथा GST राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा

(5) यदि होटल लिया गया है तो उसमें भी GST नंबर दर्ज कराएं किन्तु अब GST नंबर उस राज्य का होगा जिस राज्य में होटल लिया गया है, और उस स्थिति में Diem Allowance आपके मिलने वाले राशि का 35 प्रतिशत मिलेगा। उदाहरण के लिए क्लर्क स्टाफ का Diem Allowance राशि 1000 रु है तो अब आपको 350 रु मिलेगा।

(6) ट्रेनिंग और ट्रान्सफर के मामलों में Tour approval नहीं लगता है आप सीधे TA बिल दावा करें ।

(7) ओला या उबर लिया गया है तो उसका बिल लगाएँ ।

(08) प्रयास करें कि सारे सबसे पहले tour approval या ट्रेनिंग लेटर लगाये , उसके बाद ट्रेन टिकट या बस टिकट , होटल बिल , लोकल भाड़ा जैसे ओला , उबर आदि का बिल एक बार में ही वन शॉर्ट अपलोड करें एक ही tab में , अलग- अलग tab में अपलोड करने से बचे , यदि फ़ाइल का का साइज़ ज्यादा है तो आप दूसरे tab में जरूर अपलोड करें ।

(09) पब्लिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करें ।

(10) शाखा प्रबन्धक TA BILL पास करते समय उपरोक्त बातों का ध्यान में रखें।

(11) Ta बिल स्वीकृत करने की अंतिम अथॉरिटी प्रधान कार्यालय,कोलकाता है।

| स्टेज | | Status TA बिल टैब में | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| स्टेज - 01 | जब क्लर्क या सब स्टाफ टीए बिल सबमिट करेगा | Submitted | |
| स्टेज -02 | जब शाखा प्रबन्धक verify करेगा | Verified | |
| स्टेज -03 | जब अंचल कार्यालय रायपुर आगे वेरिफाई | Recommended | ZO वाले REJECTED भी कर सकते है |
| स्टेज -04 | जब प्रधान कार्यालय से स्केल 02 या 03 वेरिफ़ाई | Passed | |
| स्टेज -05 | जब प्रधान कार्यालय से मुख्य प्रबन्धक वेरिफ़ाई | Sanctioned | शाखा स्तर पर राशि का डेबिट क्रेडिट करें |
| | यदि प्रधान कार्यालय से रिजैक्ट हुआ तो | Saved | कृपया अपनी बताई गई कमियाँ देखें |

**चैप्टर-12-** LPS पावर से संबंधित जैसे पावर लेना , पासवर्ड Reset, पावर बढ़ाना, आदि आदि कार्य हेतु ईमेल अंचल कार्यालय के एचआरएम को ईमेल करें और सिर्फ सुश्री नीलिमा कुमोदनी इक्का जी से संपर्क करें और उनकी अनुपस्थिति में श्री शिव कुमार जी से संपर्क करें।

---

हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आज जगदलपुर केंद्र में संसाधन, एमएसएमई और एग्री कार्निवल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें जगदलपुर, बैलादिला, किरंडुल, भानपुरी, छिंदगढ़ और कोंडागाँव शाखाओं ने भाग लिया। हमें निम्नलिखित लोगों की उपस्थिति से सम्मानित किया गया: श्री धीरज पटवर्धन, महाप्रबंधक, मुख्य कार्यालय, सुश्री वीणा कुमारी, क्षेत्रीय प्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर, श्री अमोल मंडारे, उप क्षेत्रीय प्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर, श्री पलाश हल्दर, प्रमुख, एसएमई और एग्री हब, रायपुर और श्री बेनुधर नायक, सीएम, बैलादिला शाखा।



## **शाखाओं में राजभाषा हिंदी से संबंधित किए जाने वाले कार्य और ध्यान रखने योग्य बातें।**

प्रधान कार्यालय के पत्र क्रमांक एचओ/राजभाषा/312(19/2)/2017-18 दिनांक 05.12.2017 के अनुसार शाखाओं में राजभाषा हिंदी के प्रयोग के संबंध में सरकार द्वारा दिए गए आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करना है ताकि राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन में कोई त्रुटि न रहे।

केंद्र सरकार का कार्यालय होने के नाते बैंक में सरकार की राजभाषा नीति का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करना एक संवैधानिक अपेक्षा है और इसका उत्तरदायित्व **कार्यालय प्रमुख या शाखा प्रबन्धक का है**।

बैंक में राजभाषा हिंदी के प्रयोग की निगरानी राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारतीय रिजर्व बैंक, संबंधित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति और सर्वोपरि संसदीय राजभाषा समिति द्वारा की जाती है और तदनुसार इन विभागों / समितियों द्वारा समय –समय पर राजभाषा के कार्यान्वयन की दृष्टि से कार्यालयों और शाखाओं का राजभाषायी निरीक्षण किया जाता है।

### **शाखाओं द्वारा किए जाने वाले कार्यों का ब्योरा : -**

1.फाइलों/पत्रों पर लिखी गई टिप्पणियों का रिकॉर्ड रखना एवं अधिकाधिक टिप्पणियाँ हिंदी में लिखने हेतु अधिकारियों से आह्वान करना।

2."क" एवं "ख" क्षेत्र में भेजे जाने वाले लिफाफो पर पते हिंदी में लिखवाना सुनिश्चित करना।

3.यह सुनिश्चित करना कि रबड़ की मोहरें द्विभाषिक रूप अर्थात हिंदी एवं अंग्रेजी में बनाई गई हैं।

4.यह सुनिश्चित करना कि लेखन –सामग्री की मदें तथा विजिटिंग कार्ड द्विभाषिक रूप में छपते है।

5.यह सुनिश्चित करना कि मानक प्रारूप द्विभाषिक रूप में तैयार किए जाते हैं।

6.यह सुनिश्चित करना कि रजिस्टरों के शीर्ष द्विभाषिक हैं।

7.यह सुनिश्चित करना कि काउंटर बोर्ड, साइन बोर्ड, नाम –पट्ट आदि द्विभाषिक/त्रैभाषिक रूप में प्रदर्शित किए जाते हैं।

8.शाखाओं में राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन करवाना, हर तिमाही उनकी बैठकें करवाना एवं बैठकों का कार्यवृत बनवाना सुनिश्चित करना।

9.शाखाओं के पत्र शीर्ष (लेटर हेड) हिंदी एवं अंग्रेजी में होना सुनिश्चित करना।

10.यह सुनिश्चित करना कि ग्राहकों के उपयोग में लाए जाने वाले शाखा में उपलब्ध सभी फॉर्म द्विभाषिक हैं।

11. शाखाओं के हाजिरी रजिस्टरों में अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम हिंदी में भी लिखवाना।

12.अंचल कार्यालय द्वारा प्रकाशित छमाही हिंदी ई-पत्रिका के लिए शाखाओं के गतिविधियों के सचित्र रिपोर्ट भिजवाना।

13.शाखाओं स्तर पर तैयार की जानेवाली प्रचार सामग्री में हिंदी का अनिवार्य रूप से प्रयोग हो।

14.**हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट (भाग-1) समाप्त माह के 7 के अंदर अंचल कार्यालय को एस.एस.ओ (सिंगल साइन ऑन) के माध्यम से भेजना एवं मार्च माह में भाग 1 एवं 2 दोनों भेजना**।

15.यह सुनिश्चित करना कि ग्राहकों के उपयोग में लाए जाने वाले शाखा में उपलब्ध सभी फॉर्म द्विभाषिक हैं।

16. शाखाओं के हाजिरी रजिस्टरों में अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम हिंदी में लिखवाना।

17.**अगर आपकी शाखा नराकास (TOLIC) के अंतर्गत आती है तो उनकी छमाही बैठकों में सिर्फ शाखा प्रमुख ही बैठक में सहभागिता करें साथ ही उन्हें दी जाने वाली छमाही हिंदी के प्रयोग कि रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा में प्रेषित करें।**

18. **नराकास (TOLIC) को कोई भी मांगी गई जानकारी देने से पहले अंचल कार्यालय में पदस्थ राजभाषा अधिकारी (श्री अमित कुमार सरवर, वरिष्ठ प्रबन्धक (राजभाषा) मो. 9669158319) से संबंधित जानकारी के संबंध में चर्चा करना और उचित सलाह अथवा मार्गदर्शन प्राप्त करना अथवा अपनी रिपोर्ट के आंकड़ों की जांच करवाना।**

18 हिंदी की अलग से फ़ाईल बनाकर समस्त हिंदी के पत्राचार को इसमे रखा जाए।

19.हिंदी में प्राप्त पत्रों की उत्तर शत प्रतिशत हिंदी में दिया जाए।

20. अन्य कार्य जो वार्षिक कार्यक्रम में उल्लेखित है।

## शाखाओं में रजिस्टर /फ़ाइल पर लिखें जाने वाले नाम

| क्रमांक | फ़ाइल का नाम हिंदी में | Name of file in English |
|---|---|---|
| 01 | सुइट फ़ाइल रजिस्टर | Suit File register |
| 2 | लॉकर रजिस्टर | Locker register |
| 3 | लॉकर ऑपरेट रजिस्टर | Locker operate register |
| 4 | रोकड़ सारांश | Cash summary |
| 5 | उपस्कर एवं जुड़नार रजिस्टर | Furniture & fixture Register |
| 6 | एटीएम कार्ड जारी रजिस्टर | ATM card Issue register |
| 7 | एटीएम पिन जारी रजिस्टर | ATM PIN issue REGISTER |
| 8 | आगंतुक बुक (विजिटर बुक) | VISITOR BOOK |
| 9 | चेक बुक जारी रजिस्टर | CHEQUE BOOK ISSUE REGISTER |
| 10 | शिकायत रजिस्टर | COMPLAINT REGISTER |
| 11 | अनुदान रजिस्टर | Subsidy REGISTER |
| 12 | स्वर्ण ऋण बंद रजिस्टर | Gold loan closed register |
| 13 | केवाईसी फ़ाइल | KYC file |
| 14 | ए.एम.सी रजिस्टर | AMC register |
| 15 | ई.एम.टी.डी. रजिस्टर | EMTD register |
| 16 | इनवेंटरी रजिस्टर | INVENTORY register |
| 17 | प्रयोगकर्ता आई डी मेंटनेंस रजिस्टर | USER ID MENTANCE register |

| | | |
|---|---|---|
| 18 | सेफ कस्टडी आर्टिकल रजिस्टर | Safe custody articles register |
| 19 | रोकड़ प्रेषण रजिस्टर | CASH REMITTANCE REGISTER |
| 20 | कैश मूवमेंट रजिस्टर | CASH MOVEMENT REGISTER |
| 21 | वाउचर रजिस्टर | VOUCHER register |
| 22 | स्टॉप पेमेंट निर्देश रजिस्टर | STOP PAYMENT INSTRUCTION register |
| 23 | चेक वापसी रजिस्टर | CHEQUE RETURN REGISTER |
| 24 | स्टैंडिंग इन्सट्रक्शन रजिस्टर | STANDING INSTRUCTION register |
| 25 | लोन प्रोपजल प्राप्त रजिस्टर | LOAN PROPOSAL RECIVED register |
| 26 | सरकार द्वारा प्रायोजीत प्राप्त ऋण प्रकरण रजिस्टर | GOVT SPONSORED LOAN PROPOSAL RECEIVED register |
| 27 | सुइट फ़ाइल्ड रजिस्टर | SUIT FILED register |
| 28 | स्टॉक स्टटमेंट रजिस्टर | STOCK STATEMENT register |
| 29 | प्री और पोस्ट निरीक्षण रजिस्टर | PRE AND POST INSPECTION register |
| 30 | बीमा पॉलिसी एवं देय रजिस्टर | INSURANCE POLICY CUM DUE DATE register |
| 31 | लिमिट स्वीकृत रजिस्टर | LIMIT SANCTIONED register |
| 32 | डीसीबी रजिस्टर | DCB register |
| 33 | लॉकर किराया रजिस्टर | LOCKER RENT register |
| 34 | सेक्युर्टी रजिस्टर | SECURITY register |
| 35 | स्टॉक स्टेटमेंट फ़ाइल | Stock statement file |
| 36 | वेंडर फ़ाइल | Vender file |
| 37 | हिंदी फ़ाइल | HINDI file |
| 38 | राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक | Meeting of the O.L.I.C. |

********************************************************************************

**राष्ट्रकवि श्री रामधारी सिंह दिनकर**

।। कोई अर्थ नहीं।।
नित जीवन के संघर्षों से
जब टूट चुका हो अन्तर्मन,
तब सुख के मिले समन्दर का
रह जाता कोई अर्थ नहीं ।।

जब फसल सूख कर जल के बिन
तिनका -तिनका बन गिर जाये,
फिर होने वाली वर्षा का
रह जाता कोई अर्थ नहीं।।.

सम्बन्ध कोई भी हों लेकिन
यदि दुःख में साथ न दें अपना,
फिर सुख में उन सम्बन्धों का
रह जाता कोई अर्थ नहीं।।•

छोटी-छोटी खुशियों के क्षण
निकले जाते हैं रोज़ जहाँ,
फिर सुख की नित्य प्रतीक्षा का
रह जाता कोई अर्थ नहीं।।•

मन कटुवाणी से आहत हो
भीतर तक छलनी हो जाये,
फिर बाद कहे प्रिय वचनों का
रह जाता कोई अर्थ नहीं।।•

सुख-साधन चाहे जितने हों
पर काया रोगों का घर हो,
फिर उन अगनित सुविधाओं का
रह जाता कोई अर्थ नहीं।।


**श्री अमित कुमार सरवर,**
**वरि. प्रबंधक (राजभाषा)**
**अंचल कार्यालय, रायपुर**



# आरंग शाखा का उदघाटन

रायपुर अंचल की 62 वीं शाखा आरंग का उदघाटन दिनांक 06.01.2025 को बैंक के स्थापना दिवस के अवसर पर की गई । इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुमार सिंह लहरे , अंचल प्रबन्धक महोदया श्रीमती लकि नायक जी , उप अंचल प्रमुख श्री अमोल बा. मांडरे जी , शाखा प्रबन्धक श्री प्रतीक गुप्ता जी।



# अंचल  प्रमुख महोदया जी का विदाई समारोह

अंचल कार्यालय रायपुर की निवर्तमान अंचल प्रमुख महोदया श्रीमती लकि नायक जी का विदाई समारोह किया गया। इस अवसर पर अंचल कार्यालय रायपुर के समस्त स्टाफ सदस्य और आसपास कि शाखाओं के शाखा प्रमुखों ने सहभागिता की।







सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Finance
Department of Financial Services

## Digital Payments Awards 2024-25

*Third Position*

awarded to

**UCO BANK**

For outstanding performance in digital payments

*(Segment: "Public Sector Bank")*

(M.Nagaraju)
Secretary, Department of Financial Services
Ministry of Finance

Date: 18 June, 2025

Place: New Delhi

## <u>अंचल कार्यालय में स्टाफ सदस्यों का जन्मदिन समारोह</u>





## <u>अंचल कार्यालय के स्टाफ सदस्यों का विदाई समारोह</u>







सत्यमेव जयते





# हिंदी दिवस 2025

के अवसर पर

## माननीय गृह मंत्री जी

का संदेश





**राजभाषा विभाग**

गृह मंत्रालय, भारत सरकार

**अमित शाह**
**गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री**
**भारत सरकार**

सत्यमेव जयते



प्रिय देशवासियो !

आप सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

भारत मूलतः भाषा–प्रधान देश है। हमारी भाषाएँ सदियों से संस्कृति, इतिहास, परंपराओं, ज्ञान–विज्ञान, दर्शन और अध्यात्म को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम रही हैं। हिमालय की ऊँचाइयों से लेकर दक्षिण के विशाल समुद्र तटों तक, मरुभूमि से लेकर बीहड़ जंगलों और गाँव की चौपालों तक, भाषाओं ने हर परिस्थिति में मनुष्य को संवाद और अभिव्यक्ति के माध्यम से संगठित रहने और एकजुट होकर आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया है।

मिलकर चलो, मिलकर सोचो और मिलकर बोलो, यही हमारी भाषाई और सांस्कृतिक चेतना का मूल मंत्र रहा है।

भारत की भाषाओं की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उन्होंने हर वर्ग और समुदाय को अभिव्यक्ति का अवसर दिया। पूर्वोत्तर में बीहू का गान, तमिलनाडु में ओवियालू की आवाज, पंजाब में लोहड़ी के गीत, बिहार में विद्यापति की पदावली, बंगाल में बाउल संत के भजन, आदिम समाज में ढोल–मांदर की थाप पर करमा की गूँज, माताओं की लोरियाँ, किसानों का बारहमासा, कजरी गीत, भिखारी ठाकुर की 'बिदेशिया', इन सबने हमारी संस्कृति को जीवन्त और लोककल्याणकारी बनाया है।

मेरा स्पष्ट मानना है कि भारतीय भाषाएँ एक दूसरे की सहचर बनकर, एकता के सूत्र में बंधकर आगे बढ़ रही हैं। संत तिरुवल्लुवर को जितनी भावुकता से दक्षिण में गाया जाता है, उतनी ही रुचि से उत्तर में भी पढ़ा जाता है। कृष्णदेवराय जितने लोकप्रिय दक्षिण में हुए, उतने ही उत्तर में भी। सुब्रमण्यम भारती की राष्ट्रप्रेम से ओत–प्रोत रचनाएँ हर क्षेत्र के युवाओं में राष्ट्रप्रेम को प्रबल बनाती हैं। गोस्वामी तुलसीदास को हर एक देशवासी पूजता है, संत कबीर के दोहे तमिल, कन्नड़ और मलयालम अनुवादों में पाए जाते रहे हैं। सूरदास की पदावली दक्षिण भारत के मंदिरों और संगीत परंपरा में आज भी प्रचलित है। श्रीमंत शंकरदेव, महापुरुष माधवदेव को हर एक वैष्णव जानता है। और, भूपेन हजारिका को हरियाणा का युवा भी गुनगुनाता है।

गुलामी के कठिन दौर में भी भारतीय भाषाएँ प्रतिरोध की आवाज बनीं और आज़ादी के आंदोलन को राष्ट्रव्यापी बनाने में भूमिका निभाई। हमारे स्वाधीनता सेनानियों ने जनपदों की भाषाओं में, गाँव–देहात की भाषा में लोगों को आज़ादी के आंदोलन से जोड़ा। हिंदी के साथ ही सभी भारतीय भाषाओं के कवियों, साहित्यकारों और नाटककारों ने लोकभाषाओं, लोककथाओं, लोकगीतों और लोकनाटकों के माध्यम से हर आयु, वर्ग और समाज के भीतर स्वाधीनता के संकल्प को प्रबल बनाया। वन्दे मातरम् और जय हिंद जैसे नारे हमारी भाषाई चेतना से ही उपजे और स्वतंत्र भारत के स्वाभिमान के प्रतीक बने।

जब देश आजाद हुआ, तब हमारे संविधान निर्माताओं ने भाषाओं की क्षमता और महत्ता को देखते हुए

इस पर विस्तार से विचार–विमर्श किया और 14 सितम्बर 1949 को देवनागरी लिपि में लिखित हिंदी को राजभाषा के रूप में अंगीकृत किया। संविधान के अनुच्छेद 351 में यह दायित्व सौंपा गया कि हिंदी का प्रचार–प्रसार हो और वह भारत की सामासिक संस्कृति का प्रभावी माध्यम बने।

पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय भाषाओं और संस्कृति के पुनर्जागरण का एक स्वर्णिम कालखंड आया है। चाहे संयुक्त राष्ट्रसंघ का मंच हो, जी–20 का सम्मेलन या SCO में संबोधन, मोदी जी ने हिंदी और भारतीय भाषाओं में संवाद कर भारतीय भाषाओं का स्वाभिमान बढ़ाया है।

मोदी जी ने आजादी के अमृत काल में गुलामी के प्रतीकों से देश को मुक्त करने के जो पंच प्रण लिए थे, उसमें भाषाओं की बड़ी भूमिका है। हमें अपनी संवाद और आपसी संपर्क भाषा के रूप में भारतीय भाषा को अपनाना चाहिए, न कि किसी विदेशी भाषा को। तभी हम गुलामी की मानसिकता से पूरी तरह मुक्त हो पाएँगे।

राजभाषा हिंदी ने 76 गौरवशाली वर्ष पूरे किए हैं। राजभाषा विभाग ने अपनी स्थापना के स्वर्णिम 50 वर्ष पूर्ण कर हिंदी को जनभाषा और जनचेतना की भाषा बनाने का अद्‌भुत कार्य किया है। 2014 के बाद से सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को निरंतर बढ़ावा दिया गया है। संसदीय राजभाषा समिति ने वर्ष 1976 में अपनी स्थापना से लेकर 2014 तक माननीय राष्ट्रपति महोदया को प्रतिवेदन के 9 खंड प्रस्तुत किए थे, वहीं 2019 से अब तक 3 खंड प्रस्तुत किए जा चुके हैं। 13–14 नवम्बर 2021 को वाराणसी से प्रारंभ हुए अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलनों की परम्परा भी लगातार आगे बढ़ रही है।

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी राजभाषा विभाग ने उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। न्यूरल मशीन ट्रांसलेशन पर आधारित 'कंठस्थ 2.0' में आज 5 करोड़ से अधिक वाक्यों का ग्लोबल डाटाबेस उपलब्ध है। 'लीला राजभाषा' और 'लीला प्रवाह' जैसे शिक्षण पैकेजों के माध्यम से 14 भारतीय भाषाओं में हिंदी सीखने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वर्ष 2022 में शुरू हुआ 'हिंदी शब्द सिंधु' अब तक लगभग 7 लाख शब्दों से समृद्ध हो चुका है।

2024 में हिंदी दिवस पर 'भारतीय भाषा अनुभाग' की स्थापना की गई, जिसका उद्देश्य सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं के बीच सहज अनुवाद सुनिश्चित करना है। हमारा लक्ष्य यह है कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाएँ केवल संवाद का माध्यम न रहकर तकनीक, विज्ञान, न्याय, शिक्षा और प्रशासन की धुरी बनें। डिजिटल इंडिया, ई–गवर्नेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के इस युग में हम भारतीय भाषाओं को भविष्य के लिए सक्षम, प्रासंगिक और वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा में भारत को अग्रणी बनाने वाली शक्ति के रूप में विकसित कर रहे हैं।

मित्रों, भाषा सावन की उस बूँद की तरह है, जो मन के दुःख और अवसाद को धोकर नई ऊर्जा और जीवन शक्ति देती है। बच्चों की कल्पना से गढ़ी गई अनोखी कहानियों से लेकर दादी–नानी की लोरियों और किस्सों तक, भारतीय भाषाओं ने हमेशा समाज को जिजीविषा और आत्मबल का मंत्र दिया है।

मिथिला के कवि विद्यापति जी ने ठीक ही कहा है:
"देसिल बयना सब जन मिट्ठा।"
अर्थात् अपनी भाषा सबसे मधुर होती है।

आइए, इस हिंदी दिवस पर हम हिंदी सहित सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान करने और उन्हें साथ लेकर आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी तथा विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लें।

आप सभी को एक बार फिर से हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

वंदे मातरम्।

**नई दिल्ली**
**14 सितंबर, 2025**


(अमित शाह)

राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह

50

(1975-2025)


राजभाषा – भारतीयभाषाणां मैत्रीसूत्रम्



# हिन्दी दिवस

CulturalSamvaad.com

## हार्दिक शुभकामनाएँ



### क्या आप जानते हैं ?

**१४ सितम्बर को हिन्दी दिवस के रूप में क्यों मनाया जाता है?**

१४ सितंबर १९४९ को भारत की संविधान सभा ने हिन्दी भाषा (देवनागरी लिपि) को देश की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया था| इसी कारणवश, प्रतिवर्ष १४ सितंबर को राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है|



# ‘राजभाषा कीर्ति पुरस्कार’

राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में श्रेष्ठ पत्रिका प्रकाशन कार्य के लिए यूको बैंक को को भारत सरकार की सर्वोच्च पुरस्कार ‘राजभाषा कीर्ति पुरस्कार’ के अंतर्गत वर्ष 2024-2025 के लिए ‘द्वितीय पुरस्कार’ प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एग्जिबिहिशन सेंटर, गांधीनगर में दिनांक 14 सितंबर, 2025 को आयोजित हिंदी दिवस समारोह एवं पांचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री माननीय श्री अमित शाह जी के कर कमलों से बैंक के प्रबंध निदेशक एवं कार्यकारी निदेशक श्री विजय कुमार कामले ने प्राप्त किया। इस अवसर पर बैंक की मुख्य प्रबन्धक श्रीमती हेमलता तांतिया जी भी उपस्थित रही।

उल्लेखनीय है कि पिछले चार वर्षों में बैंक को लगातार चौथी बार राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्राप्त हुआ है जिसमें दो वर्ष ‘प्रथम पुरस्कार’ तथा एक वर्ष ‘द्वितीय पुरस्कार’ शामिल है और इस वर्ष पहली बार यूको बैंक की गृह पत्रिका  अनुगूँज के लिए द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके साथ ही, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों हेतु भारत सरकार की योजना “नराकास राजभाषा सम्मान” के तहत बैंक के संयोजन में कार्यरत नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय), कोलकाता  को ‘ग’ भाषाई क्षेत्र के अंतर्गत “प्रथम  पुरस्कार” प्राप्त हुआ है।



# प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का संदेश



**प्रिय यूकोजन,**

**आप सभी को हिंदी दिवस - 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ !**

भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि वह जीवंत चेतना है जो राष्ट्र की आत्मा को स्वर देती है। इसी चेतना की स्वर्णिम उपलब्धि के रूप में राजभाषा हिंदी हमारी संस्कृति, संस्कार और अस्मिता को आलोकित करते हुए जन-जन के हृदय को जोड़ने वाला वह सेतु बन चुका है, जिस पर भारत विकास के सोपानों को सहजता से पार कर रहा है। हिंदी ने अपनी परंपराओं को सँजोते हुए अन्य भाषाओं के रत्नों को आत्मसात कर एक बहुरंगी गंगा-जमुनी संस्कृति का निर्माण किया है।

संघ की राजभाषा नीति के प्रति यूको बैंक की प्रतिबद्धता एक सुदीर्घ साधना है, जो वर्ष 1974 से निरंतर हिंदी के अनुशासित अनुपालन में अभिव्यक्त हो रही है। भारत सरकार द्वारा राजभाषा कीर्ति पुरस्कारों से प्रतिवर्ष सम्मानित होना हमारी उसी निष्ठा का प्रमाण है। हमें गर्व है कि इस वर्ष हमारी हिंदी गृह पत्रिका "यूको अनुगूँज" को 'ग' क्षेत्र की सर्वोत्कृष्ट पत्रिका के रूप में राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (द्वितीय) तथा नराकास (बैंक) कोलकाता को नराकास राजभाषा सम्मान (द्वितीय) से अलंकृत किया गया है। साथ ही, हमारे 8 नराकासों में से 6 नराकासों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, यूको बैंक की सामूहिक भाषायी चेतना का दर्पण है। इन विजयी नराकासों के अध्यक्षों एवं सदस्य सचिवों को हार्दिक बधाई देता हूँ तथा इस उपलब्धि को समस्त यूकोजन को समर्पित करता हूँ, जिन्होंने हिंदी को केवल भाषा नहीं, कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग बनाने में महती भूमिका निभाई है।

राजभाषा हिंदी केवल कार्य की भाषा नहीं, हमारी आत्मा की अभिव्यक्ति है। यूको बैंक परिवार का प्रत्येक सदस्य इसके अनुपालन में पूर्ण समर्पण और तन्मयता से जुड़ा है। प्रेरणा, प्रोत्साहन और पुरस्कार के माध्यम से हम न केवल हिंदी को कार्यालयीन जीवन में सहज बना रहे हैं, बल्कि तकनीकी नवाचारों के साथ उसे आधुनिक कार्य संस्कृति में भी आत्मसात कर चुके हैं। हिंदी दिवस के इस पावन अवसर पर मेरी यह अपेक्षा है कि सभी कार्मिक **हिंदी को केवल नियम नहीं, नियमित व्यवहार बनाएं**, क्योंकि हिंदी का सम्मान, राष्ट्र का सम्मान है।

हिंदी को जनमानस की भाषा बनाने के लिए हमें दृढ़-संकल्प होकर कार्य करना होगा। यह सिर्फ सरकारी कार्यालयों की भाषा नहीं बनें अपितु हमारे देश की आम जनता के लिए **सरल, सुलभ और सुग्राही भाषा** बनें। इसके लिए हमें न केवल हिंदी को अपनाना है, बल्कि अन्य भारतीय भाषाओं के प्रति भी सम्मान और जिज्ञासा बनाए रखनी होगी। जब हम भाषाएँ सीखते हैं, तो संस्कृति से संवाद, सभ्यता से साक्षात्कार और समाज से आत्मीयता स्वतः जुड़ जाती है। जब हम भाषाओं का सम्मान करते हैं, तो हम संबंधों का विस्तार करते हैं और यही शक्ति भारत को एकसूत्र में पिरोती है।

हिंदी दिवस-2025 के इस पावन अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि कार्यालय का प्रत्येक कार्य राजभाषा हिंदी में पूर्ण तन्मयता और निष्ठा के साथ संपन्न करें। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित वार्षिक कार्यक्रम का अक्षरशः अनुपालन हमारी भाषायी प्रतिबद्धता का प्रतीक बने। प्रतियोगिताओं के आयोजन के माध्यम से हम न केवल प्रतिभा को मंच देंगे, बल्कि राजभाषा हिंदी के प्रति उत्साह, प्रेरणा और सकारात्मकता का वातावरण भी निर्मित करेंगे। आइए, हम सब मिलकर इसे अपने कर्म की भाषा बनाएं, हृदय से हिंदी अपनाएँ — यही सच्चा राष्ट्र सम्मान है।

**(अश्वनी कुमार)**

**प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी**

<u>**बैंक बीमा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रापपुर की 59 बैठक (दिनाक 26/08/2025)**</u>

बैंक-वीमा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर की 58 बैठक का आयोजन दिनांक 26.08.2025 को किया गया। इस बैठक में उपनिदेशक, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य) भोपाल के कार्यालयाध्यक्ष एवं कार्यान्वयन श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा, बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति रायपुर के अध्यक्ष एवं अंचल प्रमुख, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, अंचल कार्यालय, रायपुर श्री बी. आर. रामा सायन भारतीय रिजर्व बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर की क्षेत्रीय निदेशक सुची रीती अजित, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक, डॉ. ज्ञानेंद्र मणि एवं अन्य सदस्य कार्यालय के कार्यालय प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारियों की उपस्थिति रहे। बैठक अपराहन 3:00 बजे प्रारंभ की गई।

मंचासीन अतिथियों को मंत्र पर आसीन होने हेतु आमंत्रित किया गया। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। नराकास के अध्यक्ष, मंचासीन अतिथियों एवं समिति के सदस्यों का औपचारिक स्वागत किया गया। इसके उपरांत सदस्य सचिव ने चर्चा हेतु बैठक की कार्यसूची प्रस्तुत की एवं निकानुसार कार्रवाई की गई.





## 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

दिनांक 21 और 22 अगस्त 2025 को प्रधान कार्यालय , कोलकाता के द्वारा सभी राजभाषा अधिकारियों के लिए 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम स्टाफ प्रशिक्षण केंद्र कोलकाता में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता – कार्यपालक निदेशक महोदय श्री राजेंद्र कुमार साबू जी द्वारा की गई और कार्यक्रम में विशेष अतिथि डॉ. सोमा बंदोपाध्याय , कुलपति बाबा साहेब अंबेडकर शिक्षा विश्वविद्यालय कोलकाता ने की। स्वागत भाषण श्री बिजितेंद्र मण्डल , प्राचार्य , एसटीसी ने दिया।

विशेष अतिथि डॉ. सोमा बंदोपाध्याय जी ने बताया कि हिन्दी के कारण ही उन्हें देश के कौने –कौने में जाने का अवसर मिला और हिन्दी भाषा की लोकप्रियता के कारण ही उन्हें आगे तरक्की मिली।








आज की सुरक्षा युक्ति
CSOC
साइबर जागरूकता
सतर्कता को सुरक्षा में बदलना
चीज़ें जो आपको साझा नहीं करनी चाहिए
पासवर्ड या वित्तीय साख
कार्ड के विवरण
सीवीवी कोड
एटीएम या यूपीआई पिन
ओटीपी
साइबर धोखाधड़ी की घटना की सूचना https://www.cybercrime.gov.in पर दें
या सहायता हेतु 1930 पर कॉल करें।
यूको बैंक UCO BANK
CISO OFFICE




SAFETY TIP OF THE DAY
CSOC
CYBER JAGROOKTA
Transforming Awareness into Protection
Things You Must Never Share
Passwords or Financial Credentials
Card Number
CVV Code
ATM / UPI PIN